भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

10.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2946 का उत्तर

रेल-फ्लाईओवर का निर्माण

2946. डॉ॰ आलोक कुमार सुमनः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बिहार के गोपालगंज जिले में वाहनों के सुचारू ढंग से यातायात हेतु सभी मुख्य रेलवे क्रासिंग पर रेल-फ्लाईओवर निर्मित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने मीरगंज-गोपालगंज रोड पर स्थित हथुआ रेलवे स्टेशन के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग सं॰ 85 पर रेल-फ्लाईओवर निर्मित करने का निर्णय लिया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): जी नहीं। गोपालगंज जिला के सभी समपारों पर लागत में भागीदारी के आधार पर ऊपरी सड़क पुल के निर्माण का कोई प्रस्ताव नहीं है क्योंकि गाड़ी वाहन इकाई एक लाख से कम है। यदि राज्य सरकार ऊपरी सड़क पुल का निर्माण करना चाहती है तो निक्षेप शर्तों पर ऐसा किया जा सकता है।

(ग) और (घ): हथुआ-थावे स्टेशनों के बीच कि.मी 19/1-2 पर समपार संख्या 12 राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ता है। रेल मंत्रालय और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों पर स्थित सभी समपारों को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अपनी लागत पर ऊपरी/निचले सड़क पुलों का निर्माण करके समाप्त किया जाना है।

*****

mm